**Rajasthan Technical University, Kota**
Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010
Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examconduct@rtu.ac.in

No. F-(23)/EXAM-CONDUCT/2021/5.216/ 3846 Dated: 01/07/2022

# अति–आवश्यक

(अतिरिक्त सानुग्रह अवसर ऑनलाईन परीक्षा 2020–21)

**प्राचार्य / निदेशक**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान**
**राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा**

विषय :– बी.टेक, बीबीए, बीएचएमसीटी, एमबीए एवं एम.आर्क पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त सानुग्रह अवसर (additional mercy chance) परीक्षा के 2020–21 के अन्तिम सेमेस्टर की ऑनलाईन परीक्षा आयोजन के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– अतिरिक्त सानुग्रह अवसर परीक्षा 2020–21 के आदेश कमांक No. F-(23)/RTU-Exam Conduct/2020-21/5.222/7973-88 दिनांक 22.11.2021 ।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित आदेश में वर्णित पाठ्यकमों के छात्रों के कम में लेख है कि विश्वविद्यालय के निर्णयानुसार स्नातक व स्नातकोत्तर (बी.टेक, बीबीए, बीएचएमसीटी, एमबीए एवं एम. आर्क) पाठ्यकमों के अतिरिक्त सानुग्रह अवसर (additional mercy chance) परीक्षा के 2020–21 के अन्तिम सेमेस्टर परीक्षा का आयोजन ऑनलाईन (online) पद्धति से प्रोक्टर्ड मोड पर करवाया जाना निर्धारित किया गया है।

उक्त परीक्षाओं का आयोजन वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र (MCQ) प्रारूप के आधार पर होगा। इस ऑन–लाइन परीक्षा के प्रत्येक प्रश्न–पत्र में 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) होंगे तथा पेपर की समय अवधि 1:15 घण्टे (75 मिनिट) की होगी। जबकि इनका परीक्षा परिणाम उनके पाठ्यकम स्कीम के अनुसार परिवर्तित करके तैयार कर जारी किया जावेगा।

अतः उक्त पाठ्यकमों की परीक्षाओं के पंजीकृत परीक्षार्थीयों, जिनके द्वारा निर्धारित शुल्क के साथ परीक्षा फार्म जमा कर दिया है, को सूचित किया जाता है कि वे प्रश्न पत्र की नई पद्धति (वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्पीय पैटर्न) के अनुसार अपने आप को तैयार रखे। परीक्षार्थी इस ऑनलाईन परीक्षा को अपने सुविधाजनक स्थल जहां सतत् इन्टरनेट व विधुत सुविधा उपलब्ध हो, से दे सकेगा। इस सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश एवं गाईडलाईन पृथक से सूचित किये जावेंगे।

**अन्तिम सेमेस्टर की समस्त परीक्षाओं का ऑनलाईन आयोजन माह जुलाई 2022 के तृतीय सप्ताह से प्रारंभ होने की संभावना है।**

अतः समस्त सम्बन्धित परीक्षार्थी अपने महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट के सतत सम्पर्क मे रहे। साथ ही समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों को निर्देशित किया जाता है कि वे सभी सम्बन्धित छात्रों / परीक्षार्थीयों को उपरोक्तानुसार अविलम्ब सूचित करना सुनिश्चित करें।

यह आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

**(प्रो. धीरेंद्र माथुर)**
**परीक्षा नियंत्रक**

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# Rajasthan Technical University, Kota

Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010

Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examconduct@rtu.ac.in


No: F(27)/RTU/COE/Exam/Sec/2021/ 3847 Date : 01/07/2022

## अति–आवश्यक

(एम.सी.ए. ब्रिजकोर्स ऑनलाईन परीक्षा 2021–22)

समस्त निदेशक / प्राचार्य
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा
से संम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान

विषय :–सत्र 2021–22 में नामांकित एम.सी.ए. पाठ्यकम के छात्रों की ब्रिजकोर्स की परीक्षा का ऑनलाइन आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त संदर्भित विश्वविद्यालय पत्र की निरन्तरता के कम में अवगत कराना है कि अकादमिक सत्र 2021–22 के एम.सी.ए. प्रथम / द्वितीय सेमेस्टर में अध्ययनरत् ऐसे छात्र / छात्रा जिनकी अर्हकारी परीक्षा BCA, B.Sc. (CS/IT) एवं B.Tech. के अतिरिक्त अन्य पाठ्यकम हैं, को ब्रिजकोर्स की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। अन्यथा वे छात्र तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश के योग्य नहीं होंगे। गत वर्ष की भांति यह परीक्षा ऑनलाईन मोड में आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है।

**Bridge Course Scheme**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Theory | MCA-B00 | Fundamentals of Computer Scicence | For students except BCA/B.Sc (CS/IT) & B. Tech. Course |
| 2 | Practical | MCA-B01 | C Programming Lab. | |

उपरोक्त ऑनलाईन परीक्षा के सफल आयोजन हेतु निम्न बिन्दुओं से सूचित होने व संबधित छात्र / छात्राओं को अनिवार्य रूप से सूचित कराना आवश्यक है:–

1. उक्त परीक्षा बहु–वैकल्पिक (Multiple Choice Questions) के आधार पर ऑनलाईन मोड पर करायी जायेगी।
2. ऑन–लाइन परीक्षा के प्रश्न–पत्र में 50 प्रश्न तथा समय 1:15 घण्टे (75 मिनिट) का होगा।
3. समस्त अध्ययनरत छात्र / छात्राऐं अपने घर अथवा ऐसा उपयुक्त स्थान जो ऑनलाईन परीक्षा मापदण्डो अनुसार उपयुक्त हों व जहॉ सतत् विद्युत व इन्टरनेट आपूर्ति की उपलब्धता हो, में उपस्थित होकर मोबाइल / लैपटॉप / टेबलेट / कम्प्यूटर इत्यादि जिसमें वेबकैमरा / फ्रंटकैमरा तथा स्पीकर, माईक की अनिवार्य रूप से उपलब्धता हो, के माध्यम से परीक्षा दे सकते है।
4. प्रश्न–पत्रों में कोई Negative Marking नहीं है।

उक्त के कम में यह भी अवगत कराना है कि उक्त ऑन–लाइन परीक्षा के सफल आयोजन एवं छात्रों की सटीक जानकारी के दृष्टिगत् सभी छात्रों जिनके द्वारा एमसीए प्रथम / द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा 2021–22 का नियत समय में परीक्षा फॉर्म मय शुल्क महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करा दिया गया है, का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व एक डेमो मॉक टेस्ट आयोजित कराया जायेगा। उक्त मॉक टेस्ट में छात्रों द्वारा परीक्षा फॉर्म में भरे गये विषयों का सत्यापन, चेहरे के फोटो का नमूना, सुस्पष्ट सरकारी फोटो आई डी प्रूफ (जो परीक्षा दिवस में परीक्षार्थी द्वारा दिखाई जानी अनिवार्य होगी) एकत्रित करने का कार्य एवं परीक्षार्थीयों द्वारा वास्तविक परीक्षा में प्रयुक्त होने वाले App/Software से उनको अवगत / अभ्यस्त करने का कार्य विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न कराया जायेगा,

# Rajasthan Technical University, Kota

Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010

Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examconduct@rtu.ac.in


जिनकी विस्तृत सूचना शीघ्र ही जारी की जायेगी। उक्त रजिस्ट्रेशन प्रकिया व ऑनलाइन डेमों मॉक टेस्ट में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों को ही ऑनलाइन मुख्य परीक्षा में भाग लेने की प्रकिया, लिंक, यूजर नेम व पासवर्ड उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, मॉक टेस्ट में सभी छात्रों को प्रतिभाग (participate) करना अनिवार्य है। यदि उक्त ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, मॉक टेस्ट में किसी छात्र द्वारा प्रतिभाग नहीं किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में उक्त छात्र/छात्रा को ऑनलाइन मुख्य परीक्षा में प्रतिभाग करने की अनुमति नहीं होगी और छात्र स्वंय इस हेतु उत्तरदायी होगा।

ऑनलाइन परीक्षा की तीनों गतिविधियों यथा, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, ऑनलाइन मॉक डेमो टेस्ट, ऑनलाइन मुख्य परीक्षा का **सम्भावित कार्यक्रम** निम्नानुसार है:-

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Start of Online Registration | - 07.07.2022 |
| (ii) | Online Mock Demo Test | - 10.07.2022 |
| (iii) | Commencement of Online Bridge Course Exam | - 15.07.2022 |

उक्त उल्लेखित समस्त तिथियॉ संभावित है।

उक्त कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का है तथा वि.वि. द्वारा लिये गये निर्णयों के अनुपालन में कराया जा रहा है। अतः उक्त ऑनलाईन परीक्षा की समस्त प्रकिया व परीक्षा में किसी भी स्तर व प्रकार की लापरवाही/त्रुटि स्वीकार्य नहीं होगी व सम्बन्धित उसके लिये व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुए अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को व्यक्तिगत रूप से जागरूक कराते हुए उक्त रजिस्ट्रेशन प्रकिया, प्रशिक्षण एवं मॉक टेस्ट हेतु तैयार रहने के लिए सूचित कराते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

आपके सहयोग की आशा में।

**(प्रो. धीरेन्द्र माथुर)**
**परीक्षा नियंत्रक**